सं० सं०–17 / विविध 1–218 / 2022 — 655(17)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

रेणु कुमारी
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

सभी अधीक्षक,
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एव अस्पताल, बिहार।

निदेशक,
इन्दिरा गॉधी हृदय रोग सस्थान, पटना।

निदेशक
इन्दिरा गॉधी आयुर्विज्ञान सस्थान, शेखपुरा, पटना।

पटना, दिनांक :– 08/06/2026

**विषय :–** **चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में उपलब्ध बेडों की संख्या का प्रमुख स्थानों पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शन किए जाने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सबध मे कहना है कि राज्य के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एव अस्पतालो मे उपचार हेतु आने वाले मरीजो एव उनके परिजनो को सस्थान मे उपलब्ध बेडो की सख्या की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निम्नलिखित निर्देशो का अनुपालन करना सुनिश्चित करेगे :–

1 चिकित्सा महाविद्यालय एव अस्पताल मे उपलब्ध कुल बेडो, रिक्त बेडो तथा विभिन्न वार्डो मे उपलब्ध बेडो की अद्यतन जानकारी का प्रदर्शन अनिवार्य रूप से किया जाए।

2 उक्त बेडों की जानकारी का प्रदर्शन कम–से–कम निम्नलिखित तीन प्रमुख स्थानो पर किया जाए :–

- अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार।
- ओ०पी०डी० / पंजीकरण काउंटर के निकट।
- आपातकालीन (Emergency) विभाग के प्रवेश द्वार अथवा प्रतीक्षालय में।

3. जहॉ संभव हो, वहाँ एल०ई०डी० डिस्प्ले बोर्ड पर अथवा डिजिटल डिस्प्ले के माध्यम से वास्तविक समय (Real Time) मे उपलब्ध बेड की सख्या प्रदर्शित किया जाए।

4. बेडो की उपलब्धता सबंधी जानकारी को नियमित रूप से अद्यतन किया जाए, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनो को सही एव अद्यतन सूचना / जानकारी प्राप्त हो सके।

5. अस्पताल अधीक्षक / अस्पताल प्रबधक व्यक्तिगत रूप से इसकी समीक्षा करेगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रदर्शित जानकारी सदैव अद्यतन रहे।

अतः निदेशित है कि उक्त निर्देशों का अनुपालन तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालन प्रतिवेदन विभाग को 15 दिनों के भीतर उपलब्ध कराया जाए।

उक्त मे सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**विश्वासभाजन,**
ह० / –
**(रेणु कुमारी)**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

D/R/Letter 2026

29)

ज्ञापांक–17/विविध 1–218/2022-- 655(17) /पटना, दिनांक–08/06/2026

**प्रतिलिपि** :– सभी प्राचार्य, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** – माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/सभी विशेष सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– आई० टी० मैनेजर/प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं सभी संबंधितो को सूचित करने हेतु प्रेषित।

Ravi Kumar 08/06/2026
विशेष कार्य पदाधिकारी।